आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक 23.05.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के छठें चरण का प्रचार आज हुआ समाप्त–मतदान शनिवार को।
- भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा देशभर में पारम्परिक उत्साह से मनायी जा रही है–प्रदेश में भी धार्मिक आयोजनों की धूम।
- राज्य में तेज गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित– अगले 4–5 दिन प्रदेश के 17 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी।
- प्रदेश में वॉटर होल पद्धति से की जा रही है वन्यजीवों की गणना–कल सुबह आठ बजे तक होगी गिनती।

000

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार आज शाम थम गया। इस चरण में आठ राज्यों के 58 निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी दस सीट, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, झारखण्ड की चार और जम्मू–कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। इन सभी संसदीय क्षेत्रों में कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं।

000

देश में पिछले 18 वर्षों के मुकाबले, इस वर्ष मई में रोजगार और निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। एचएसबीसी फ्लैश क्रय प्रबंधक सूचकांक के अनुसार, भारत जुलाई 2010 से निजी क्षेत्र के उत्पादन में तीसरी सबसे अधिक वृद्धि वाला देश बन गया है। बिक्री और उत्पादन––दोनों मामले में विनिर्माण क्षेत्र लगातार प्रगति कर रहा है लेकिन समग्र आर्थिक सशक्तिकरण का मुख्य कारण सेवा क्षेत्र का मज़बूत होना है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के लिए निर्यात में वृद्धि हुई है।

000

भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा देशभर में पारम्परिक उत्साह से मनायी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध की सहिष्णुता और सदाचार सभी के लिए प्रेरणादायी है। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं सभी का मार्ग प्रशस्त करती हैं। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

बुद्ध पूर्णिमा को बैशाख पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिरों में अल सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जयपुर के पवित्र गलता सरोवर में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान–पुण्य किया। झालावाड़ के झालरापाटन में चंद्रभागा नदी पर सुबह से ही भक्त पवित्र डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी के कारण जिले के गौमती सागर पर लगने

वाला पशु मेला स्थगित कर दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में मांगलिक आयोजन हो रहे हैं और कई स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित हो रहे हैं। पीपल पूर्णिमा के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है। केकडी के सरवाड़ में भील बस्ती में आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये लोगों को बाल विवाह और उससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। जैसलमेर में प्रसिद्ध तीर्थ बैशाखी में जुटे श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई। प्राचीन समय में बैशाखी को जैसलमेर का हरिद्वार माना जाता था। शाहपुरा में अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की 132वीं जयंती, बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

000

चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तराखंड प्रशासन ने हर साल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ये निर्णय लिया है। पवित्र धामों की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा से पहले पंजीकरण कराना आवश्यक होगा तथा केवल पंजिकरण की तिथि को ही दर्शन करने की अनुमति होगी। इसके साथ ही प्रशासन ने 31 मई तक वीआईपी दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

..........................

राज्य में फिलहाल भीषण गर्मी और लू का दौर जारी रहेगा। मौसम केन्द्र, जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही कहीं–कहीं तेज लू चलने और रात के समय भी ऊष्ण लहर जारी रहने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले 4–5 दिन प्रदेश के 17 से ज्यादा जिलों में गर्मी और लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इस बीच, बीते 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर हिस्से प्रचंड गर्मी की चपेट में रहे। कल बाड़मेर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जैसलमेर, फलौदी, चूरू, जालौर, वनस्थली और फतेहपुर में भी अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, कोटा, पिलानी, डूंगरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। राजधानी जयपुर में पारा 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में लू और तापघात को लेकर किये गये चिकित्सा प्रबंधों का आज चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को कंटीजेंसी प्लान बनाने और 7 दिन में सभी व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिये। वहीं शहर की सबसे बडी हिंगोनिया गौशाला में गौवंश को गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम हैरिटेज की ओर से गायों पर ठण्डे पानी की फुहार छोडी जा रही है। साथ ही छाया के लिए त्रिपाल भी लगाये जा रहे हैं। भीलवाड़ा और पाली में तेज गर्मी को देखते हुए आज शहर के विभिन्न मार्गों पर पानी का छिडकाव किया गया। झालावाड में नगर परिषद की ओर से प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

जोधपुर में भी तेज गर्मी का दौर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज दिन में तेज गर्मी और लू के कारण बाजार सूने नजर आये।

....................

बाड़मेर में भी गर्मी के तेवर तीखे होने से आम जनजीवन पर असर पड़ा है। गर्मी से राहत के लिए जिला प्रशासन की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। जैसलमेर में नगर परिषद् ने राहगीरों की सुविधा के लिए टैंट लगाये हैं और ठण्डे पानी की व्यवस्था की है। बांसवाड़ा में तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा विभाग ने अपने कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर दिये हैं। सवाईमाधोपुर जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर समुचित पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। वहीं केकडी में पशुओं और पक्षियों को लू, धूप और तापघात से बचाने के लिए गोपालन विभाग की ओर से अभियान शुरू हुआ। अभियान के दौरान पशु चिकित्सा संस्थानों और गौशालाओं में परिण्डे लगाने की शुरूआत हुई।

000

प्रदेश में आज से वॉटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गिनती की जा रही है। आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई यह गणना कल सुबह आठ बजे तक जारी रहेगी। ये गणना सीतामाता और बस्सी सेंचूरी, टेरिटोरियल एरिया और मृग वन तथा अन्य कई क्षेत्रों में की जा रही है। इसके लिए वॉटर होल के आस–पास मचान भी बनाये गये हैं और कैमरा ट्रेक लगाये गये हैं। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वन्यजीव प्रेमी भी इस प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पी.के. उपाध्याय इसकी निगरानी कर रहे हैं।

दौसा जिले में वन विभाग की 30 से अधिक टीमें वन्य जीवों की गणना में जुटी हैं। इस दौरान बाघ, बघेरे, भालू, सियार और हिरणों सहित अन्य जीवों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। इसके लिए सीकर में 88, भीलवाड़ा में 49, जैसलमेर में 44 और डूंगरपुर में 38 वॉटर होल बनाये गये हैं। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आज सुबह से शुरू हुई वन्यजीव गणना जारी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

.................

विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर सवाईमाधोपुर में कछुए के प्रजनन और संरक्षण को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

000

चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तराखंड प्रशासन ने हर साल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ये निर्णय लिया है। पवित्र धामों की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा से पहले पंजीकरण कराना आवश्यक होगा तथा केवल पंजिकरण की तिथि को ही दर्शन करने की अनुमति होगी। इसके साथ ही प्रशासन ने 31 मई तक वीआईपी दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

000

प्रदेश में मिलावट रोकने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में आज केंद्रीय दल ने जयपुर की सूरजपोल अनाज मंडी परिसर स्थित निजी कंपनी के गोदाम पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रथम दृष्टया तेल में मिलावट की संभावना को

देखते हुए 2 हजार 470 लीटर सरसों तेल सीज किया है। अधिकारियों ने बताया कि तेल के नमूने लेकर केन्द्रीय जांच प्रयोगशाला में भिजवाये गये हैं।

000